राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(107)RSSB/अर्थना/प्रा.शि./अध्यापक L-2 /भर्ती/2022/2293 दिनांक 14.07.2023

– :: कार्यालय आदेश ::–

उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (सामान्य/विशेष शिक्षा)(लेवल–2) सीधी भर्ती–2022

बोर्ड द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (सामान्य/विशेष शिक्षा)(लेवल–2) सीधी भर्ती 2022 हेतु विज्ञप्ति दिनांक 16.12.2022 को जारी कर कुल 27000 पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे। इन पदों का संशोधित वर्गीकरण दिनांक 24.05.2023 को जारी किया गया। बोर्ड द्वारा इन पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 25.02.2023 से दिनांक 01.03.2023 तक परीक्षायें आयोजित करवाई गई।

उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक (सामान्य/विशेष शिक्षा)(लेवल–2) सीधी भर्ती परीक्षा–2022 का परीक्षा परिणाम सामाजिक अध्ययन विषय का दिनांक 02.06.2023, गणित–विज्ञान विषय का दिनांक 07.06.2023, अंग्रेजी, सिंधी, पंजाबी, उर्दू विषय का दिनांक 09.06.2023 एवं संस्कृत तथा हिन्दी का दिनांक 14.06.2023 एवं संशोधित परीक्षा परिणाम दिनांक 10.07.2023 को जारी कर कुल 27000 पदों के विरूद्ध लगभग 02 गुणा अभ्यर्थियों को पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध किया गया है। सूचीबद्ध अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन एवं पात्रता की जांच अपने जिले अथवा नजदीकी जिले में **दिनांक 18.07.2023 से 02.08.2023 तक प्रातः 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक संबंधित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारंभिक शिक्षा द्वारा निर्धारित स्थान पर निम्नानुसार करवाये जायेंगे :–**

क्र.सं.	पदनाम मय विषय	दस्तावेज सत्यापन की दिनांक
1	अध्यापक, लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी)	18.07.2023 से 22.07.2023
2	अध्यापक, लेवल–द्वितीय (विज्ञान–गणित)	24.07.2023 से 26.07.2023
3	अध्यापक, लेवल–द्वितीय (सामाजिक अध्ययन)	27.07.2023 से 29.07.2023
4	अध्यापक, लेवल–द्वितीय (हिन्दी/संस्कृत/उर्दू/पंजाबी/सिन्धी)	31.07.2023 से 02.08.2023

- अभ्यर्थी को शाला दर्पण मॉड्यूल https://rajshaladarpan.nic.in/staffselection पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा, रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में FAQ यूजर मेनूएल एवं आवश्यक निर्देश उक्त पार्टल पर लिखित रूप में उपलब्ध हैं।
- अभ्यर्थियों को उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरे गये Mobile Number तथा E-Mail पते पर SMS व E-Mail के माध्यम से आवश्यक सूचनाऐं प्रेषित की जायेंगी, अतः समस्त अभ्यर्थियों को निर्देश दिये जाते है कि वे इन्हें निरन्तर चैक करें एवं प्रेषित निर्देशों की पालना करें। **अभ्यर्थी के Mobile Number व E-Mail बन्द होने पर विभाग का कोई दायित्व नहीं होगा।**
- दस्तावेज सत्यापन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा द्वारा दस्तावेज सत्यापन/पात्रता जांच हेतु https://rajshaladarpan.nic.in/staffselection पोर्टल पर दिनांक एवं स्थान का निर्धारण किया जायेगा जो सम्बन्धित अभ्यर्थी की लॉगिन में प्रदर्शित होगा। सूचीबद्ध किये गये सभी अभ्यर्थी शाला दर्पण पोर्टल पर लॉगिन आई.डी. से लॉगिन कर दस्तावेज सत्यापन की दिनांक एवं समय के सम्बन्ध में अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करते रहे।

- अभ्यर्थी को किसी प्रकार की सूचना/मार्गदर्शन के आवश्यकता हो तो, दस्तावेज सत्यापन के लिए निर्धारित अवधि के कार्य दिवसों में प्रातः 9.30 से सायं 6.00 बजे तक सम्बन्धित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारंभिक शिक्षा के द्वारा स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष पर सम्पर्क कर सकते हैं। कन्ट्रोल रूप के दूरभाष नम्बर शाला दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध है।
- अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह समय–समय पर विस्तृत जानकारी के लिये बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in एवं https://rajshaladarpan.nic.in का अवलोकन करें।

(संजय कुमार माथुर)
सचिव